# JTL Infra Limited

Regd. & Corp. Off.: S.C.O. 18-19, Sector 28-C,
Chandigarh-160 002, INDIA
Tel.: +91 172 4668 000, Toll Free : 18008891120
E-mail : info@jtlinfra.com, Website: www.jtlinfra.com
CIN No.: L27106CH1991PLC011536

JTLIL/CHD/SE/2021-22/022

Date: 27th July, 2021

Corporate Relationship Services,
**BSE Limited,**
(formerly Bombay Stock Exchange Ltd.)
25th Floor, P.J. Towers,
Dalal Street,
Mumbai 400 001

Corporate Relationship Services,
**Metropolitan Stock Exchange of India Ltd,**
4th Floor, Vibgyor Tower,
Opposite Trident Hotel,
Bandra- Kurla Complex,
Mumbai 400 098

**BSE Scrip Code: 534600**

**MSEI Symbol: JTLINFRA**

**Sub: Publication of unaudited financial results for the quarter ended 30th June, 2021.**

Dear Sir/Madam,

Pursuant to Regulation 47 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, please find enclosed herewith newspaper clippings of Unaudited Financial Results of the Company for the Quarter ended 30th June, 2021 published in newspapers - The Financial Express (English) and Jansatta (Hindi) on 27th July, 2021.

Kindly take the above information on your record.

Thanking You,
Yours Sincerely,

**For JTL Infra Limited**

**Mohinder Singh**
**Company Secretary**

JTL Infra Limited * SCO 18-19, Sector 28-C, Chandigarh *

# हरियाणा स्कूल बोर्ड की 12वीं का नतीजा घोषित

चंडीगढ़, 26 जुलाई (जनसत्ता)।

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम सोमवार को घोषित किया गया। इस परीक्षा का परिणाम शत–प्रतिशत रहा। परीक्षा परिणाम बोर्ड की अधिकारिक वेबसाइट पर देखा जा सकता हैं। किसी भी परीक्षार्थी को अनुतीर्ण व कम्पार्टमेंट नहीं किया गया है। 12वीं के दो लाख 21 हजार 263 नियमित विद्यार्थियों का परिणाम जारी हुआ है। इनमें एक लाख 14 हजार 416 लड़के और एक लाख छह हजार 847 लड़कियां शामिल हैं। इस परीक्षा परिणाम की घोषणा बोर्ड अध्यक्ष प्रो0 डॉ. जगबीर सिंह ने एक प्रेस काफ्रेंस में की।

इस अवसर पर बोर्ड उपाध्यक्ष वीपी यादव व सचिव राजीव प्रसाद भी उपस्थित रहे। अध्यक्ष ने बताया कि यह परीक्षा अप्रैल माह में आयोजित करवाई जानी थी, लेकिन कोविड–19 कोरोना महामारी के चलते यह परीक्षा आयोजित नहीं करवाई जा सकी और शिक्षा विभाग, हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार ये परीक्षाएं रद्द कर दी गई थी।

उन्होंने बताया कि सीनियर सेकेण्डरी (नियमित) परीक्षा के कुल 2,27,585 परीक्षार्थियों में से 2,21,263 परीक्षार्थियों का परिणाम घोषित किया गया है, जिसमें 1,14,416 छात्र एवं 1,06,847 छात्राएं शामिल हैं। स्वयंपाठी परीक्षा के कुल 5,605 परीक्षार्थियों का परिणाम घोषित किया गया है, जिसमें 3,893 छात्र एवं 1,782 छात्राएं शामिल हैं। उन्होंने बताया कि लगभग 1,338 परीक्षार्थियों का परिणाम प्रमाण–पत्र में अंक स्पष्ट न होने के कारण परिणाम आरएलई घोषित किया गया है। छात्र हित के मद्देनजर शेष परीक्षार्थियों का परिणाम घोषित कर दिया गया है।

ऐसे विद्यालयों को 15 दिनों का नोटिस जारी करते हुए लंबित परिणाम का निर्णय/सत्यापन करवाने उपरान्त परिणाम जारी कर दिया जाएगा। यदि विद्यालय तीन माह के अन्दर निर्णय/सत्यापन करवाने में असफल रहता है तो परीक्षार्थी का परिणाम रद्द कर दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि 3,376 परीक्षार्थियों का परिणाम 10वीं के प्रमाण–पत्र के अंक स्पष्ट न होने के कारण आरएलडी घोषित किया गया है तथा शेष परीक्षार्थियों का परिणाम विद्यालय द्वारा नाम कटने के कारण रद्द कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि सीनियर सेकेंडरी वार्षिक परीक्षा मार्च–2021 के लिए जिन परीक्षार्थियों द्वारा आंशिक विषय अंक सुधार/पूर्ण विषय अंक सुधार एवं अतिरिक्त विषय के लिए आवेदन किया गया था, ऐसे सभी परीक्षार्थियों को बोर्ड की आगामी परीक्षा में उन्हें उसी आवेदन के आधार पर बिना शुल्क के परीक्षा में प्रविष्ठ होने की अनुमति प्रदान की जायेगी। उन्होंने आगे बताया कि यदि कोई परीक्षार्थी घोषित हुए परिणाम से संतुष्ट नहीं है तो वह बोर्ड की आगामी परीक्षा में प्रविष्ठ हो सकता है।

### 30-10-60 का फार्मूला लागू

बोर्ड अध्यक्ष ने बताया कि सीनियर सेकेंडरी (नियमित) परीक्षार्थियों का परिणाम के लिए 30–10–60 का फार्मूला निर्धारित किया गया है, जिसमें 30 प्रतिशत अंक 10वीं कक्षा के 10 प्रतिशत अंक 11वीं कक्षा के तथा 60 प्रतिशत अंक विद्यालयों द्वारा दिए जाने वाले आंतरिक अंको के आधार पर परिणाम तैयार किया गया है तथा कंपार्टमेंट परीक्षार्थियों का परिणाम परीक्षार्थी द्वारा प्राप्त अन्य उत्तीर्ण विषयों के अंकों का औसत निकालते हुए कम्पार्टमेंट के अंक मानकर घोषित किया गया है। उन्होंने बताया कि परीक्षा परिणाम में कोई गलती न हो, इसलिए विद्यालयों द्वारा अपलोड किए गए अंकों को जिलावार दो–दो बार जांच कर निर्धारित फार्मूला अनुसार परिणाम तैयार किया गया है।

# अपनी किसान विरोधी टिप्पणियों पर माफी मांगें सिद्धू: मोर्चा

चंडीगढ़, 26 जुलाई (जनसत्ता)।

संयुक्त किसान मोर्चा ने हालांकि यह निर्देश जारी कर रखे हैं कि कृषि बिलों के खिलाफ चल रहे आंदोलन के खिलाफ भाजपा और उसके गठबंधन वाले दलों के नेताओं के खिलाफ प्रदर्शन किया जाएं, लेकिन जबसे नवजोत सिंह सिद्धू पंजाब कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बने हैं तबसे उन्हें भी कई जगहों पर किसानों के रोष का सामना करना पड़ा है।

सबसे पहले 20 जुलाई को जब सिद्धू खटकड़कलां में शहीद भगत सिंह स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित करने गए थे तो उन्हें वहां पर किसानों के गुस्से का सामना करना पड़ा था। वहां पर दोआबा किसान यूनियन से संबंधित किसानों ने कहा कि सिद्धू को शहीद के स्मारक पर झूठे वादे नहीं करने चाहिए। इसीलिए उन्होंने रोष जताते हुए सिद्धू के काफिले को काले झंडे दिखाए थे। इसके बाद 22 जुलाई को किसानों के रोष प्रदर्शन के कारण सिद्धू को तरनतारन में महमूदपुर गांव पहुंचने के लिए अपना रूट बदलना पड़ा। इस जिले में भी किसान, मजदूर संघर्ष कमेटी के झंडे तले किसानों ने प्रदर्शन किया।

इसके बाद 24 जुलाई को जब सिद्धू रोपड़ के चमकौर साहिब गए तो वहां भी किसानों ने उनका विरोध किया। क्रांतिकारी किसान यूनियन के अध्यक्ष दर्शनपाल ने कहा 'हमने देश भर में तो भाजपा और उसके गठबंधन वाले दलों के नेताओं के खिलाफ रोष प्रदर्शन के तो निर्देश दे रखे हैं लेकिन सिद्धू के कुछ किसान विरोधी ब्यानों के कारण किसान उनसे नाराज हैं इसलिए वो अपने स्तर पर ही उनका विरोध कर रहे हैं। हमनें तो ऐसे निर्देश नहीं दिए हैं। राजनैतिक नेताओं को भी बयान देने से पहले सोचना चाहिए।'

भाकियू (दाकौंडा) के महासचिव जगमोहन सिंह ने भी कहा 'हमाने निर्देश सिर्फ भाजपा नेताओं के लिए है लेकिन सिद्धू के बयान भी निंदनीय हैं। उन्हें ऐसे बयानों के लिए किसानों से माफी मांगनी चाहिए।'

भाकियू (उग्राहां) के महासचिव सुखदेव सिंह ने कहा 'हमने तो भाजपा नेताओं के खिलाफ शांतिपूर्वक प्रदर्शन के निर्देश दिए हैं। जैसे महाभारत में अर्जुन का एक ही लक्ष्य था, वही हमारा है। लेकिन कई बार ग्रामीण नेताओं के बयान से परेशान हो जाते हैं इसलिए उनका विरोध करते हैं। सिद्धू के अलावा कई दूसरे नेताओं के खिलाफ भी प्रदर्शन हुआ है।'

भाकियू कांदियां के उपाध्यक्ष वीरपाल सिंह ने कहा कि 'हमें हर राजनैतिक नेता से सवाल करने का अधिकार है। किसान सिद्धू से भी शायद सवाल जवाब ही करना चाहते थे लेकिन पुलिस, अधिकारियों ने ऐसा नहीं करने दिया इसलिए उन्होंने विरोध प्रदर्शन किया। बाकी हमारे निर्देश सिर्फ भाजपा नेताओं का विरोध करने के हैं।'

इसी बीच हालांकि यूनियन नेताओं ने कहा था कि किसानों ने 23 जुलाई को सिद्धू के दिए बयान के खिलाफ प्रदर्शन किए जबकि सच्चाई यह है कि इसके पहले भी सिद्धू कई बार रोष प्रदर्शन झेल चुके हैं। किसान मोर्चा के नेता सरवण सिंह ने कहा 'इस पूरे कार्यकाल के दौरान सिद्धू अंदर ही रहे हैं अब उन्हें पार्टी में बड़ी भूमिका मिल गई है इसलिए उन्हें पंजाब में लोगों का रोष झेलना पड़ सकता है क्योंकि राज्य के लोग सभी नेताओं से तंग आ चुके हैं। फिर भी हम अपने सदस्यों को कहेंगे कि वह अपने रोष प्रदर्शन भाजपा नेताओं तक ही सीमित रखेंगे। पर बाकी दलों के नेताओं के साथ हम सवाल जवाब कर सकते हैं।'

# पंजाब में दसवीं, बारहवीं की कक्षाएं शुरू

चंडीगढ़, 26 जुलाई (जनसत्ता)।

पंजाब में आज सोमवार से स्कूलों में दसवीं से लेकर 12वीं तक की कक्षाएं शुरू हो गईं हैं। पहले ही दिन बहुत से विद्यार्थी स्कूलों में पहुंच गए उनका कहना था कि वह स्कूल आकर बहुत खुश हैं। इस तरह वह अपने शिक्षकों से ज्यादा अच्छी तरह से समझ सकते हैं और साथियों से भी मिल सकते हैं।

पंजाब में करीब चार महीने बाद स्कूल खुले हैं। कोविड–19 के मरीजों में एकाएक इजाफा होने के कारण राज्य सरकार ने राज्य के सभी स्कूल बंद करने के आदेश जारी किए थे। तब से बंद किए स्कूल आज से ही खोले गए। राज्य सरकार ने सिर्फ उन्हीं शिक्षकों और स्टॉफ को स्कूल आने की इजाजत दी है जिन्हें कोरोना रोधी टीकों की दोनों खुराके लग चुकी हैं। स्कूल संचालकों के लिए जरूरी किया गया है कि वह अभिभावकों से लिखित में अपने बच्चों को स्कूल भेजने की इजाजत लें। इसके साथ ही



आभासी कक्षाएं भी जारी रहेंगी। स्कूलों में सभी कोविड नियमों के पालन के निर्देश दिए गए हैं। अमृतसर के एक स्कूल के अधिकारी ने बताया 'बिना मॉस्क के किसी भी विद्यार्थी को स्कूल में दाखिल नहीं होने दिया जाएगा। यही नहीं कक्षा में सामाजिक दूरी के नियम का भी सही तरीके से पालन किया जाएगा। स्कूल के प्रवेश द्वार पर थर्मल स्कैनिंग की जा रही है। एक डेस्क पर एक ही विद्यार्थी को बैठने की इजाजत दी है।'

लुधियाना के एक स्कूल के अध्यापक ने बताया कि अभी तक तो विद्यार्थी स्कूल आने के लिए बहुत जोश दिखा रहे हैं। एक विद्यार्थी ने बताया कि 'मैं स्कूल आकर बहुत खुश हूं। हालांकि ऑनलाइन तरीके से हमारी पढ़ाई चल रही थी लेकिन कक्षा में ज्यादा अच्छे से समझ आता है।' अमृतसर में एक विद्यार्थी ने कहा 'मैं स्कूल आकर बहुत खुश हूं। यहां हम अपनी कक्षाओं में शिक्षकों के साथ बातचीत भी कर सकते हैं और अपनी समस्या भी हल करवा सकते हैं।' मोगा में एक सीनियर सैकेंडरी स्कूल के एक अधिकारी ने बताया कि 'प्रदेश सरकार के सभी दिशानिर्देशों का पालन कर रहे हैं।'

# छुट्टी पर गए हरियाणा के डीजीपी मनोज यादव

चंडीगढ़, 26 जुलाई (जनसत्ता)।

हरियाणा के पुलिस महानिदेशक कार्यकाल पूरा होने से पहले ही अवकाश पर चले गए हैं। बेटे की शादी का तर्क देते हुए वह सोमवार से 30 जुलाई तक अवकाश पर रहेंगे। जिसके चलते सरकार ने वरिष्ठ आईपीएस मोहम्मद अकील को डीजीपी का कार्यभार सौंप दिया है।

डीजीपी मनोज यादव केंद्र से ही हरियाणा में आए थे। गृहमंत्री अनिल विज के साथ तनातनी के चलते यादव ने डेढ माह पहले वापस केंद्र में जाने की इच्छा जताई थी। हरियाणा सरकार ने आवेदन को स्वीकार करते हुए उन्हें नए डीजीपी के आने तक पद पर बने रहने के निर्देश दिए थे। हरियाणा सरकार अपनी तरफ से सात आइपीएस अधिकारियों का एक पैनल बनाकर यूपीएससी को भेज चुकी है। सूत्रों की मानें तो यूपीएससी द्वारा सोमवार की बैठक में सात अधिकारियों के नामों में से तीन का चयन किया जा चुका है।

# जर्मनी के राजदूत ने हरियाणा की पीपीपी योजना को सराहा

चंडीगढ़, 26 जुलाई (जनसत्ता)।

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के साथ भारत में जर्मनी के राजदूत वाल्टर जे.लिंडनर ने सोमवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में एक शिष्टाचार भेंट की। बैठक के दौरान ऐसे विभिन्न विकास क्षेत्रों की पहचान करने पर व्यापक चर्चा हुई, जिनमें जर्मनी सरकार और भारत, विशेष रूप से हरियाणा आपसी सहयोग से कार्य सकें।

इस मौके पर लिंडनर ने परिवार पहचान पत्र और फसल विविधीकरण योजना के विशेष संदर्भ में राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई विभिन्न योजनाओं की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने उन्हें बताया कि परिवार पहचान पत्र योजना के तहत एक ऐसी प्रणाली विकसित की गई है, जिसमें प्रत्येक परिवार की एक इकाई के रूप में पहचान की जाती है ताकि पात्र परिवार सरकार की योजनाओं का सीधा लाभ उठा सकें।

# पंजाब में कोरोना से एक दिन में 5 की गई जान, 42 नए मरीज

चंडीगढ़, 26 जुलाई (जनसत्ता)।

पंजाब में बीते 24 घंटों में कोरोना संक्रमण से पांच मरीजों की जान चली गई जबकि 42 नए मामले सामने आए हैं। सोमवार को 96 लोग ठीक भी हुए हैं।

स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी बुलेटिन के मुताबिक पिछले 24 घंटों में प्रदेश के तरनतारन में 3 जबकि संगरूर और पटियाला में 1–1 की मौत हो गई। जबकि संक्रमण के सबसे अधिक मामले जलंधर में सामने आए। यहां 9 संक्रमित पाए गए। अमृतसर में 5, पठानकोट–पटियाला–मोहाली–तरनतारन में 3–3, फिरोजपुर–होशियारपुर–कपूरथला–लुधियाना–मुक्तसर–रोपड़ में 2–2, बरनाला–बठिंडा–फतेहगढ़ साहिब–एसबीएस नगर में 1–1 मामला सामने आया जबकि फरीदकोट–फाजिल्का–गुरदासपुर–मानसा–मोगा–संगरूर से कोई भी मामला सामने नहीं आया।

### हरियाणा में तीन की मौत, 31 नए संक्रमित

पंचकूला, 26 जुलाई (जनसत्ता)।

हरियाणा में पिछले 24 घंटों में तीन की मौत संक्रमण से हुई है जबकि 31 नए मामले सामने आए हैं। जबकि 19 जिलों से किसी भी कोरोना संक्रमित मरीज की मौत नहीं हुई और 13 जिलों में कोई भी कोरोना संक्रमित मरीज सामने नहीं आए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी बुलेटिन के अनुसार राज्य में 31 कोरोना संक्रमित मरीजो की पुष्टि हुई है और 23 संक्रमितों की जान चली गई। अब तक राज्य में कोरोना से 9,622 लोगों की मौत हो चुकी है। इस समय राज्य में 711 कोरोना के सक्रिय मरीज है। प्रदेश के गुरुग्राम, पंचकूला और कुरुक्षेत्र में सोमवार को 1–1 मौत हुई। आज सबसे अधिक मामले गुरुग्राम में 7, कुरुक्षेत्र में 7, पलवल में 4 और सोनीपत में 3 जबकि अन्य जिलों में इससे कम संख्या थी। 11,19,631 लोगों को कोरोना का टीका लगाया जा चुका है जबकि रिकवरी रेट बढ़ कर 98.66 प्रतिशत है।

**चंडीगढ़ में चार नए मामले**

चंडीगढ़ शहर में कोरोना संक्रमण का प्रभाव लगातार कम हो रहा है। संक्रमण से शहर में अब तक 809 लोगों की मौत हो चुकी है। वही दूसरी ओर आज शहर में 4 नए संक्रमित मरीज की पुष्टि हुई है। जिसको मिलाकर अब तक शहर में 61,931 संक्रमित मरीजों की पुष्टि हो चुकी है। बीते 75 दिनों के बाद सोमवार को शहर में स्वस्थ होने वाले मरीजों से ज्यादा नए संक्रमित मरीजों की पुष्टि हुई है।

# हरियाणा पुलिस ने राजस्थान से पकड़ा वांछित अपराधी

चंडीगढ़, 26 जुलाई (जनसत्ता)।

हरियाणा पुलिस द्वारा अपराधियों पर लगातार कसे जा रहे शिकंजे के तहत एक और कार्रवाई में 50 हजार रुपए के ईनामी बदमाश को राजस्थान से काबू करने में सफलता हासिल की गई है। हत्या और लूट सहित आधा दर्जन से अधिक मामलों में संलिप्त बदमाश जींद जिले में हत्या की घटना में मुख्य आरोपी था।

हरियाणा पुलिस के प्रवक्ता ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान रोहतक जिले के सुनारिया कलां निवासी संजीत उर्फ सनी के रूप में हुई है। पकड़ा गया बदमाश एक शिक्षक की हत्या के मामले में मुख्य आरोपी था जिसकी 14 जून, 2021 को जींद जिले के अलीपुरा गांव में हत्या कर दी गई थी।

पकड़े गए आरोपी ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर सुरेश, जो एक हत्या की घटना में मुख्य गवाह था, की गोली मारकर हत्या कर दी थी। उसके खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास, लूटपाट और जान से मारने की धमकी देने के आठ से अधिक मामले विभिन्न थानों में पहले ही दर्ज हैं। वारदात के बाद से अभियुक्त फरार था और आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। हालांकि, उसके एक सहयोगी को इस साल 5 जुलाई को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। प्रवक्ता ने बताया कि इस संबंध में मामला दर्ज कर आरोपी को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया गया है।

# हरियाणा में स्वास्थ्य बीमा योजनाओं का विस्तार, कई वर्ग शामिल

चंडीगढ़, 26 जुलाई (जनसत्ता)।

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने स्वास्थ्य बीमा योजनाओं का विस्तार करते हुए इसमें कई श्रेणियों को शामिल करने का एलान किया है। सोमवार को चंडीगढ़ में आयुषमान भारत बीमा योजना एवं अन्य स्वास्थ्य बीमा योजनाओं की समीक्षा बैठक के दौरान कर्मचारियों एवं पेंशनर्स को भी स्वास्थ्य बीमा योजना में कैशलेस सुविधा प्रदान करने के निर्णय को भी हरी झंडी दी। समीक्षा बैठक के दौरान हरियाणा के स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज वीसी के माध्यम से जुड़े।

सरकार ने प्रदेश के मान्यता प्राप्त मीडिया कर्मियों को सरकारी कर्मचारियों के समान स्वास्थ्य बीमा सुविधा का लाभ प्रदान करेगी। बैठक में आजाद हिन्द फौज के सेनानियों, आपातकाल के दौरान जेल में रहे लोगों, हिन्दी आंदोलन में शामिल रहे लोगों एवं द्वितीय विश्व युद्ध के बंदियों एवं उनके आश्रितों को भी सरकारी कर्मचारियों की तर्ज पर कैशलेस स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ देने का निर्णय लिया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विमुक्त घुमंतु जाति, मुख्यमंत्री परिवार समृद्धि योजना के लाभार्थियों एवं निर्माण कार्य में लगे श्रमिकों को भी आयुष्मान भारत बीमा योजना में कवर किया जाएगा। इसके साथ ही नंबरदारों, चौकीदारों, आशा वर्कर, आंगनवाड़ी वर्कर, मनरेगा मजदूरों, स्ट्रीट वेंडरों, रिक्शा चालक, आटो चालक के परिवारों को भी आयुषमान भारत योजना में शामिल किया जाएगा, बशर्ते उनकी पारिवारिक वार्षिक आय 1.80 लाख रुपए तक हो और 5 एकड़ से अधिक भूमि न हो। योजना के तहत सभी पात्रों को कार्ड जारी किए जाएंगे जिसे दिखाकर निर्धारित अस्पताल में इलाज करवाया जा सकेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पात्र परिवारों को पहले ही आयुष्मान भारत योजना के तहत पांच लाख रुपए तक का निशुल्क स्वास्थ्य बीमा लाभ दिया जा रहा है। अभी तक प्रदेश में इस योजना के तहत 15.5 लाख परिवार पात्र हैं। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने इस योजना में राष्ट्रीय खाद्यान्न सुरक्षा योजना के पात्र परिवारों को शामिल करने को भी मंजूरी दे दी ।

# प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं की हालत बदतर: सैलजा

चंडीगढ़, 26 जुलाई (जनसत्ता)।

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कुमारी सैलजा ने कहा है कि हरियाणा में केवल दावों की सरकार है। मूलभूत सुविधाओं का जिक्र आते ही वह मुंह फेर लेती है, लोगों को भगवान भरोसे छोड़ देती है। कोरोना काल इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं का हाल सबसे खराब और चिंताजनक है। जींद जिले का उदाहरण इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है।

सोमवार को यहां जारी बयान में सैलजा ने कहा कि जींद जिले के मुआना स्वास्थ्य केंद्र पर गर्भवती महिला तीन घंटे बेंच पर तड़पती रही। न डाक्टर मिला, न नर्स। कोई अन्य स्वास्थ्यकर्मी भी नहीं था। फोन करने के बावजूद एंबुलेंस समय पर नहीं आई। बैंच पर ही प्रसव हो गया और नवजात की मृत्यु हो गई। स्वास्थ्य केंद्र में केवल दो सफाई कर्मी थे। इस घटना ने बेहतर सेवाओं का ढिंढोरा पीटने वाली सरकार की पोल खोल दी है। सरकार जुमलों से हट कर आकलन करे कि स्वास्थ्य सेवाओं की वास्तविक तस्वीर क्या है। हर बार तथ्यों को छिपा कर हकीकत पर झूठ का आवरण चढ़ाने की कोशिश की जा रही है।

उन्होंने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के मानकों के अनुसार ग्रामीण इलाकों में पांच हजार की आबादी पर एक उप स्वास्थ्य केंद्र, 30 हजार पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और 80 हजार से 1.20 लाख की आबादी पर एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र होना चाहिए। मानकों का पालन नहीं हो रहा।

बड़ी संख्या में उपस्वास्थ्य, प्राथमिक और सामुदायिक केंद्रों की कमी है। सैलजा ने कहा कि जो स्वास्थ्य केंद्र चालू हैं उनमें भी मेडिकल स्टाफ की भारी कमी है। स्पेशलिस्ट डाक्टरों के 90 प्रतिशत पद खाली हैं। सुपर स्पेशलिस्ट डाक्टर एक भी सरकारी अस्पताल में दिखाई नहीं देता। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकों के 60 फीसद तक पद रिक्त हैं। स्टॉफ नर्स, रेडियोग्राफर, फार्मासिस्ट, लैब तकनीशियन और मल्टीपर्पज हेल्थ वर्कर्स के पद भी बड़ी संख्या में खाली पड़े हैं लेकिन सरकार को कोई चिंता नहीं। वह मुंगेरी लाल के सपनों से बाहर ही नहीं आना चाहती । लगता है किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रही है। डब्ल्यूएचओ के मानकों के अनुसार एक सीएचसी में छह विशेषज्ञ डॉक्टर होने चाहिएं।

JTL

**जेटीएल इन्फ्रा लिमिटेड** CIN: L27106CH1991PLC011536

पंजी. कार्यालय: एससीएफ 18-19, सेक्टर 28सी, चंडीगढ़-160002

ईमेल: finance@jagan.in

30 जून, 2021 को समाप्त तिमाही के अनंकेक्षित (स्टैंडएलोन) वित्तीय परिणामों का विवरण

(रु. लाखों में)

| क्रम सं. | विवरण | समाप्त तिमाही | | | समाप्त वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 30.6.2021 अनंकेक्षित | 31.3.2021 अंकेक्षित | 30.6.2020 अनंकेक्षित | 31.3.2021 अंकेक्षित |
| 1. | परिचालनों से कुल राजस्व | 18289.19 | 20719.02 | 5179.25 | 44036.86 |
| 2. | अवधि के लिए शुद्ध लाभ/ (हानि) (कर, विशिष्ट एवं असाधारण मदों से पूर्व) | 1075.89 | 1480.71 | 167.41 | 2702.73 |
| 3. | कर से पूर्व अवधि के लिए शुद्ध लाभ/ (हानि) (विशिष्ट एवं असाधारण मदों के बाद) | 1075.89 | 1480.71 | 167.41 | 2702.73 |
| 4. | कर के बाद अवधि के लिए शुद्ध लाभ/ (हानि) (विशिष्ट एवं असाधारण मदों के बाद) | 805.11 | 1092.36 | 125.25 | 2006.32 |
| 5. | अवधि हेतु कुल व्यापक आय (अवधि हेतु (कर के बाद) लाभ/ (हानि) एवं अन्य व्यापक आय (कर के बाद) से शामिल) | 805.11 | 1092.02 | 125.25 | 2005.98 |
| 6. | प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी (सम मूल्य रु. 10/- प्रति) | 1,060.74 | 1,060.74 | 1,06 0.74 | 1,060.74 |
| 7. | आरक्षित (पुनर्मूल्यांकन आरक्षितों को छोड़कर) | | | | |
| 8. | आय प्रति इक्विटी शेयर (रु. 10/- प्रति का) | | | | |
| | मूल रु. में | 7.59 | 10.30 | 1.18 | 18.91 |
| | तरल रु. में | 7.59 | 10.30 | 1.18 | 18.91 |

टिप्पणी:
उपरोक्त सेबी (सूचीयन दायित्व तथा उद्घाटन अपेक्षा), 2015 के विनियमन 33 के अन्तर्गत स्टॉक एक्सचैंजों में दाखिल की गई समाप्त तिमाही के वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सार है। तिमाही वित्तीय परिणामों का सम्पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचैंज की वेबसाइट www.bseindia.com, www.msei.in तथा कम्पनी की वेबसाइट पर www.jtlinfra.com पर उपलब्ध है।

जेटीएल इन्फ्रा लिमिटेड
हस्ता./-
मदन मोहन
प्रबंध निदेशक
DIN: 00156668

स्थान: चंडीगढ़
तिथि: 26 जुलाई, 2021

**श्रद्धांजलि** राज्यपाल दत्तात्रेय ने कारगिल-विजय की 22वीं वर्षगांठ पर कारगिल योद्धाओं को किया नमन

# 'कारगिल युद्ध में शहादत देने वाले सर्वाधिक जवान हरियाणा से'

चंडीगढ़, 26 जुलाई (जनसत्ता)।

हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कारगिल–विजय की 22वीं वर्षगांठ पर कारगिल योद्धाओं को नमन किया है। उन्होंने कहा कि भारतीय सैनिक देश और देशवासियों के प्यार के लिए अपने जीवन के सर्वोच्च व लिए सदैव तत्पर रहता है। सैनिकों का यह जज्बा हर भारतवासी को गौरवान्वित करता है।

दत्तात्रेय ने कहा कारगिल की विजय का महत्व देश के साथ–साथ हरियाणावासियों के लिए और अधिक बढ़ जाता है। कारगिल ऑपरेशन के दौरान हरियाणा प्रदेश के 100 से भी अधिक वीरों ने अपनी शहादत दी थी, जबकि सेना के कुल 500 से अधिक जवान शहीद हुए थे। कारगिल युद्ध में प्रदेश के सैनिकों की शहादत के लिए सैनिक परिवारों को भी नमन है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा प्रदेश वीरों की भूमि है। हरियाणा प्रदेश की वीर भूमि में राज्यपाल के पद पर नियुक्त होने पर वे अत्यंत प्रसन्नता महसूस कर रहे हैं। राज्यपाल ने कहा कि हरियाणा प्रदेश का इतिहास वीरों की शहादत से भरा पड़ा है। बात चाहे महाभारत काल की हो, अंग्रेजी शासन काल की हो या पूर्व में हुए 1962, 1965 ,1971 के युद्धों की हो भारतीय सैनिकों ने सदैव दुश्मन का डटकर मुकाबला किया है और देश का माथा उंचा किया है।

दत्तोत्रय ने कहा कि वर्तमान में भी भारतीय सेना में दस प्रतिशत से भी अधिक सैनिक हरियाणा प्रदेश से हैं, जबकि हरियाणा का क्षेत्र देश के क्षेत्र का मात्र 2 प्रतिशत है। इससे पता चलता है कि हरियाणा के हर युवा में देश प्रेम और राष्ट्रभक्ति का जज्बा कूट–कूट कर भरा हुआ है। राज्यपाल ने सैनिकों के लिए शुरू की गई सरकार की योजनाओं की सराहना करते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा 60 वर्ष से या इससे अधिक आयु के भूतपूर्व सैनिक व उनकी विद्वाओं, भूतपूर्व सैनिक के अनाथ बच्चों, 1962, 1965 तथा 1971 की युद्ध विद्वाओं की आर्थिक सहायता बढ़ाकर 4600 रुपए मासिक कर दिया है।

इसके साथ–साथ दिव्यांग नेत्रहीन, पैराप्लेजिक, टैटराप्लेजिक और हैमियाप्लेजिक भूतपूर्व सैनिकों को दी जाने वाली आर्थिक सहायता बढ़ाकर भी 4600 रुपए मासिक की गई।

### सैनिकों के बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता:मनोहर

चंडीगढ़, 26 जुलाई (जनसत्ता)।

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कारगिल विजय दिवस की 22वीं वर्षगांठ पर देश की रक्षा, शांति व स्वाभिमान के लिए अपने जीवन का सर्वोच्च बलिदान देने वाले महान कारगिल नायकों को नमन किया। आज यहां जारी एक बयान में मुख्यमंत्री ने कारगिल शहीदों को स्मरण करते हुए कहा कि इस युद्ध के दौरान भारत माता के वीर सपूतों द्वारा दिया गया बलिदान हमारी युवा पीढ़ी को सदैव देशभक्ति के लिए प्रेरित करता रहेगा। उन्होंने कहा कि 22 साल पहले 26 जुलाई, 1999 को भारतीय सेना ने पाकिस्तानी घुसपैठियों को खदेड़ कर कारगिल में तिरंगा फहराया था। इस युद्ध में हमारे सैनिकों के बलिदान, साहस और देश के प्रति समर्पण को कभी भुलाया नहीं जा सकता। भारतीय सैनिक लड़ता है, इसलिए नहीं कि वो अपने सामने वालों से नफत करता है, बल्कि वह अपने देशवासियों से प्यार करता है। उन्होंने कहा कि वतन पर मिटने वालों का यह राष्ट्र सदैव ऋणी और कृतज्ञ रहेगा। इस बीच हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कारगिल विजय दिवस की 22वीं वर्षगांठ पर देश के बहादुर सैनिकों के बलिदान को नमन किया।